सांसदों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि दी।

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर 2021: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह; राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री शिवराज वी. पाटिल ने आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा और राज्य सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह और डॉ. परसाराम पट्टाभि केशव रामाचार्युलु ने भी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने वालों में सांसद और पूर्व सांसद भी शामिल थे।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 23 अप्रैल 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का अनावरण किया था।